"द ग्रैन्ड हॉर्स शो"– 24 दिंसबर को पहली बार आम जनता आंमत्रित

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के वेटनरी कॉलेज मैदान में सोमवार दिनॉंकः 24 दिसंबर को दोपहर 3:00 बजे भव्य अश्व प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है।

पहली बार आम जनता आंमत्रितः– हॉर्स शो का आयोजन वि.वि. की 1 एम.पी.आर.एन्ड व्ही एन. सी.सी की जबलपुर इकाई द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है। पूर्व में इस आयोजन में महाविद्यालय के छात्र एवं प्राध्यापकों का प्रवेश होता था, आम नागरिक इस शो को देखने से वंचित रहते थे। वि.वि. के माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल की पहल पर इच्छुक दर्शकों का प्रवेश निःशुल्क कर दिया गया हैं।

चयनित छात्र दिल्ली में प्रर्दशन करेंगेः– दिल्ली में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले हॉर्स राइडिंग कॉम्पटीशन में भाग लेने हेतु देश भर से राइडर्स पहुंचते हैं। मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधित्व हेतु पशुचिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय, जबलपुर, रीवा, महू एवं दुर्ग के एन.सी.सी केडेट्स इस प्रदर्शन में भाग ले रहे है। दस दिवसीय इस कैम्प में सभी केडेट्स हॉर्स राइडिंग का प्रदर्शन करेंगे। विभिन्न कॉम्पीटीशन में गुजरने के बाद कुल दस कैडेट्स का चयन किया जायेगा जो दिल्ली में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवय परेड में घुड़सवारी का प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

यूनिट का गौरवशाली इतिहासः– पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर स्थित वन एम.पी.आर. एन्ड व्ही. एन.सी.सी. का गौरवशाली इतिहास रहा है। इसकी स्थापना 19 जुलाई 1966 में हुई थी। प्रथम नेतृत्व केप्टन व्ही.बी. साली द्वारा किया गया था। उन्होने अपने कार्यकाल (19.07.1966 से 08.12.1969) में कठिन परिश्रम कर इस यूनिट की स्थापना की। इसके उपरांत मेजर ओ.पी. वर्मा, ले. कर्नल एस.एस. चौपडा तथा के.एन. श्रीवास्तव ने इस यूनिट को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। वर्तमान में इसका प्रतिनिधित्व कर्नल प्रताप भानू कर रहे हैं।

कैडेट्स ने जीती हैं अनेक ट्रॉफी एवं गोल्ड मेडलः– इस यूनिट के केडेट्स ने राष्ट्रीय स्तर पर घुड़सवारी प्रदर्शन में अनेक गोल्ड मेडल एवं ट्रॉफी प्राप्त की हैं एवं प्रदेश को गौरवान्वित किया है। यह भी उल्लेखनीय हैं कि इस वि.वि. के केडेट्स ने घुड़सवारी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2009 से अभी तक 14 स्वर्ण पदक एवं अनेक रजत तथा कॉस्य पदक प्राप्त कर चुके हैं।

महाविद्यालय के प्रभारी अधिष्ठाता ड़ॉ आर.के.शर्मा एवं ले. (डॉ0) रणधीर सिंह ने संस्कारधानी के नागरिकों से अपील की है कि इस अदभुत रोमांचक घुडसवारी प्रदर्शन का आनंद उठायें एवं प्रतिभागियों का हौसला अफजाई करें।

सूचना जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि, जबलपुर